Frontier Springs Ltd.

REGD. OFFICE & FACTORY : KM 25/4, KALPI ROAD, RANIA, KANPUR DEHAT - 209 304 U.P. (INDIA)
Tele Office : +91-5111-240212, 240213 • Fax : +91-5111-240214
CORPORATE OFFICE : E-14, PANKI INDUSTRIAL AREA, SITE-I, KANPUR - 208 022 U.P. (INDIA)
Tel. No. : 0512-2691207, 2691208
e-mail : info@frontiersprings.co.in • Website : http://www.frontiersprings.co.in
CIN No. : L17119UP1981PLC005212

October 27, 2020

To
The BSE Limited
Corporate Relationship Department
1st Floor, New Trading Wing
Rotunda Building, PJ Towers
Dalal Street Fort, Mumbai-400001
Phone: - 022-22723121, 22722037
(Scrip Code: - 522195)

Subject: Submission of newspaper notice for the Board Meeting to consider Un-Audited Financial Results for the quarter ended September 30, 2020.

Dear Sir/Madam

Pursuant to Regulation 47(3) of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations 2015, please find enclosed newspaper clippings published on 27.10.2020 in Business Standard & Rashtriya Sahara in relation to the Meeting of Board of Directors of the Company scheduled to be held on Saturday, November 7, 2020 to *inter alia*, consider, approve and take on record Un-Audited Financial Results for the quarter ended September 30, 2020.

Kindly take this on record and oblige.

Thanking You
For Frontier Springs Limited

M/s. FRONTIER SPRINGS KM 25/4 Kalpi Road Rania Kanpur Dehat-209304

Dhruv Bhasin
(Company Secretary & Compliance Officer)

Encl's: As above

JSW's strong Q2 lifts prospects

Rising volumes, higher realisations, a better product and geography mix set to drive earnings

EXPECT STRONG MARGIN GAINS

J SW Steel's (JSW) better-than-expected performance for the September quarter (Q2) ...

WAY AHEAD

The road ahead

Quick thumb rule retirement plann

SURVEY FI

Accumulation



YOUR MONEY

GOING PUBLIC

IRFC files issue papers with Sebi

Gland Pharma IPO pegged at ₹5K cr

"राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिर्फ एक संगठन नहीं है, बल्कि अनुशासन, देशभक्ति और भारतीय संस्कृति का प्रतीक है।

—— अमित शाह, गृहमंत्री

संक्षिप्त खबरें

खन्ना ने जताया शोक

कानपुर। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई के आवास पर पहुंच कर उनकी मां श्रीमती सुशीला विश्नोई के निधन पर शोक प्रकट किया। यहां शिवराम सिंह, ज्ञानू, अरविन्द, संजय, शिवम मिश्रा, मनीष मिश्रा थे।

दिलायी 1.07 करोड़ की सहायता

कानपुर। सांसद सत्यदेव पचौरी ने गंभीर रूप से बीमार व इलाज करा पाने में अक्षम 50 लोगों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 1 करोड़ 7 लाख की आर्थिक सहायता दिलायी। सांसद प्रतिनिधि निधीश पाण्डेय ने बताया कि श्री पचौरी ने 22 जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 61 लाख की धनराशि दिलायी जबकि 28 गंभीर बीमार व्यक्तियों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 43 लाख रुपये की सहायता दिलायी। श्री पचौरी ने इस कार्य में भाजपा उत्तर व दक्षिण जिला संगठन की संस्तुतियों को प्राथमिकता से शामिल किया। वहीं सांसद ने कहा कि ऐसे गंभीर बीमार व्यक्ति जो इलाज कराने में अक्षम हैं, वह भाजपा संगठन के माध्यम से या सीधे सांसद के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। उनकी हरसंभव मदद की जायेगी।

आईपीएल में सट्टा लगाने वाले तीन सटोरिये गिरफ्तार

कानपुर। रामादेवी चौकी प्रभारी जैदान सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोखरपुर स्थित एक मकान में छापामार कर दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उनके पास से साढ़े तीन लाख रुपये नगद व सट्टे की पर्चियां बरामद की हैं। पकड़े गये अभियुक्तों ने अपना नाम पोखरपुर निवासी अजय कुमार व जितेन्द्र आर्या बताया है। वहीं नौबस्ता पुलिस ने भी रविवार को दो सटोरियों को आईपीएल मैचों में सट्टा लगवाते गिरफ्तार किया है।

दिव्यांग युवक को कार से खींचकर पीटा, पथराव

कानपुर। बर्रा आई ब्लाक निवासी पीयूष सिंह दोनों पैर से दिव्यांग है। पीयूष ने बताया कि रविवार को एक अज्ञात युवक ने उनके मोबाइल पर कॉल कर अकारण गाली गलौज की। समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह न माना। इस पर वह कार लेकर युवक के घर पहुंचे और उसे जमकर फटकार लगायी। उसी दौरान युवक ने अपने साथियों को फोन कर बुला लिया और उन्हें कार से खींच कर जमकर पीटा और पथराव कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे कई लोग भी घायल हुये। *(एसएनबी)*

अपराधी को दबोचकर महिला को मुक्त कराया

चौबेपुर/कानपुर (एसएनबी)। चौबेपुर पुलिस ने घर के अंदर महिला को बंधक बनाकर लूटपाट कर रहे शातिर अपराधी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला को सकुशल मुक्त करा लिया है। पुलिस ने बदमाश के पास से मादक पदार्थ, तमंचे और कारतूस बरामद किये हैं।

चौबेपुर पुलिस को सूचना मिली कि बगराहापुरवा निवासी शातिर अपराधी नीरज कुमार द्विवेदी एक महिला केशर जहां को घर में बंधक बनाकर उसके साथ लूटपाट कर रहा है। इस सूचना पर चौबेपुर इंस्पेक्टर कृष्ण मोहन राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शातिर नीरज को सरेंडर के लिए ललकारा तो उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। इस पर पुलिस टीम हड़बड़ा गयी। पुलिस ने खुद को आड़ में लेकर जवाबी हवाई फायरिंग की तो बदमाश नीरज ने सरेंडर कर दिया।

पुलिस ने नीरज को गिरफ्तार कर महिला केशर जहां को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने नीरज के पास से दो तमंचे, कारतूस, 15 पुड़िया स्मैक, नशीला पदार्थ और दो मोबाइल बरामद किये हैं। पुलिस का कहना है कि नीरज शातिर अपराधी है। वहीं कस्बे के लोगों का कहना है कि केशर जहां भी मादक पदार्थ की तस्करी करती है। नीरज और केशर के बीच मादक पदार्थ बिक्री को लेकर लेनदेन चलता है। इसी लेनदेन के चलते नीरज महिला से अपना हिसाब मांग रहा था, जिसको लेकर दोनों में झगड़ा हो गया तो महिला ने पुलिस को फोन कर दिया।

चौबेपुर पुलिस से हुई बदमाश की भिड़ंत

महिला को घर के अंदर बंधक बनाकर लूटपाट कर रहा था शातिर

स्मारकों के जीर्णोद्धार व संरक्षण को लेकर आईआईटी की नई पहल



समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करते वैज्ञानिक। फोटो : एसएनबी

कानपुर (एसएनबी)। आईआईटी कानपुर ने ऐतिहासिक पुरातात्विक महत्व के स्मारकों के जीर्णोद्धार व संरक्षण की दिशा में एक नई पहल की है। इसके लिए संस्थान के इंजीनियरिंग विभाग ने काफोस्करी यूनिवर्सिटी ऑफ वेनिस, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया तथा सोप्रिन्टेंडेंजा आर्कियोलॉजिया के साथ सोमवार को आपस में एक समझौता अनुबंध किया। इसके तहत बेल्ले आर्टी ई पागागियो वेनिस में स्मारकों की सुरक्षा व उनके संरक्षण के लिए आपस में साझा कर कौशल विकसित करेंगे।

सभी संस्थान समानता व पारस्परिकता के आधार पर स्मारकों को पुनर्स्थापित व संरक्षित करने के लिए सहयोगी वैज्ञानिक अध्ययन गतिविधियों को साझा कर कौशल विकसित करने के लिए सहमत हुए हैं। सभी संस्थान वैज्ञानिक अध्ययन व कौशल साझा कर में सहयोग के साथ ही ज्ञान, अनुभव, शैक्षणिक सामग्री व प्रकाशनों का आदानप्रदान, कार्यशालाओं का संचालन, संयुक्त क्षेत्र के अध्ययन व अंडरटेकिंग के साथ ही प्रौद्योगिकी विकास पर काम करेंगे। समझौता के तहत संबंधित गतिविधियों का समन्वयन आईआईटी कानपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर मुकेश शर्मा द्वारा किया जायेगा।

लॉकडाउन में ईएमआई का भुगतान करने वालों को भी मिलेगा लाभ

कानपुर। लॉकडाउन में भुगतान की गई ईएमआई का पैसा ग्राहकों के खाते में आएगा। ऋण लेने वाले सभी ग्राहकों ने अधिस्थगन सुविधा का लाभ नहीं लिया है और समय पर ईएमआई का भुगतान किया है उन्हें कैशबैक मिलेगा।

सरकार ने दिवाली से पहले खाते में ऋण स्थगन के दौरान ब्याज पर लगे ब्याज का पैसा वापस करने का फैसला लिया है।

नेशनल कंफेडरेशन ऑफ बैंक इम्प्लाइज के सचिव राजेन्द्र अवस्थी ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि ऋण लेने वाले सभी ग्राहकों ने अधिस्थगन सुविधा का लाभ नहीं लिया और समय पर ईएमआई का भुगतान किया योजना के तहत ऐसे उधारकर्ताओं को सरल और चक्रवृद्धि ब्याज में 6 महीने के अंतर में होम लोन, शिक्षा ऋण, क्रेडिट कार्ड, वाहन ऋण, एमएसएमई ऋण धारकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह सुविधा 1 मार्च से 31 अगस्त तक दी गई थी।

नगर आयुक्त ने चलाया डुगडुगी अभियान

कानपुर। महापौर प्रमिला पांडेय की अनुपस्थिति में सोमवार को नगर आयुक्त अक्षय त्रिपाठी ने पनकी गंगागंज वार्ड में सुबह 11 बजकर 11 मिनट पर डुगडुगी अभियान चलाया। अभियान के दौरान नगर निगम के अधिकारी और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

कमिश्नर के निरीक्षण में एडी बेसिक भी मिले अनुपस्थित

कानपुर (एसएनबी)। मंडलायुक्त डॉ.राजशेखर ने एडी बेसिक (मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक) के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया तो सहायक शिक्षा निदेशक और छह कर्मचारी अनुपस्थित मिले। मंडलायुक्त ने अनुपस्थित स्टाफ का वेतन रोकने के आदेश दिये हैं, जबकि एडी बेसिक को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब देने को कहा है।

मंडलायुक्त डॉ.राजशेखर सोमवार को अचानक कानपुर मंडल के मंडीय सहायक शिक्षा निदेशक, बेसिक शिक्षा के कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। सुबह 10 बज कर 10 मिनट पर किये गये निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कुल 7 कर्मचारियों में से 6 किसी सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना ही अनुपस्थित थे। स्वयं सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक, केसी भारती भी इस समय तक कार्यालय नहीं पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के रखरखाव और साफ सफाई की स्थिति देख मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। मंडलायुक्त ने गैर अनाधिकृत अनुपस्थिति और कार्यालय के खराब रखरखाव के लिये एडी बेसिक केसी भारती को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन में जवाब देने को कहा है। मंडलायुक्त ने एडी बेसिक को निर्देश दिया कि वह 15 दिन के अंदर कार्यालय के रखरखाव व साफ सफाई की व्यवस्था को बेहतर करें और 10 नवम्बर तक आयुक्त को फोटो और वीडियो के साथ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयुक्त ने सभी संभागीय अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यालयों में उपस्थिति के सरकारी आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ ही कार्यालयों की साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने, रखरखाव ठीक करने और कार्यालय आने वाले आम लोगों के लिये बैठने व पीने के पानी और शौचालय आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के समय 7 में से एक ही कर्मचारी मिला मौजूद

डीएम ने अनुपस्थित तीन डाक्टर व 16 कर्मचारियों पर की कार्रवाई

कानपुर (एसएनबी)। जिलाधिकारी व मुख्यचिकित्साधिकारी ने सोमवार को घाटमपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन चिकित्साधिकारी व 16 चिकित्सा कर्मी अनुपस्थित मिले। डीएम ने सभी के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये।

निरीक्षण के दौरान डीएम आलोक तिवारी ने चिकित्सालय में बेड की संख्या के बारे में जानकारी ली। जिसपर उपस्थित डाक्टरों ने बताया कि वर्तमान में 12 बेड हैं। इस पर सीएमओ अनिल कुमार मिश्र ने जमकर फटकार लगायी और कहा कि तीस बेड की क्षमता से सभी सीएचसी संचालित हैं फिर आप के यहां 12 बेड क्यों चल रहे हैं। इस पर डीएम ने कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल में भर्ती तीमारदारों से बात चीत की और पूछा कि क्या उनसे दवायें बाहर से मंगायी जा रही हैं। इस पर तीमारदारों ने बताया कि दवा तो अस्पताल से ही दी जा रही है, लेकिन जांचें बाहर से करायी जा रही है। डीएम ने निर्देशित करते हुये कहा कि जो भी मरीज खांसी,जुखाम,बुखार से पीड़ित आता है तो तत्काल उसका एंटीजेंट टेस्ट करायें।

ट्रेन के आगे कूद कर जान दी

कानपुर। बर्रा कर्रही नई बस्ती निवासी 58 वर्षीय भार्गव प्रसाद प्राइवेट नौकरी करते थे। बेटे अंकित ने बताया कि लॉकडाउन में पिता की नौकरी छूट जाने के कारण पूरा परिवार आर्थिक तंगी में था। सोमवार सुबह पिता घर से निकले थे और पीएसी पुल के नीचे ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली।

मंदिर पहुंचा युवक लापता

कानपुर। महाराजपुर थाना प्रभारी राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि कल्याणपुर इंदिरानगर निवासी कपिल शर्मा अपनी पत्नी लक्ष्मी शर्मा और बेटी अनुराग उर्फ अनुश्री के साथ डयोरी घाट गये थे। इस दौरान कपिल शर्मा लापता हो गए। पुलिस ने बताया कि कपिल शर्मा की भाभी की कुछ महीने पूर्व मौत हुई थी, जिसके बाद वह डिप्रेशन का शिकार थे। पुलिस गोताखोरों की मदद से लापता युवक की तलाश गंगा में कर रही है।

तमंचे के साथ फोटो अपलोड करने वाले चार गिरफ्तार

कानपुर (एसएनबी)। फेसबुक और वाट्सअप पर तमंचे के साथ फोटो अपलोड करने वाले चार युवकों को जाजमऊ से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान पकड़े गये अभियुक्तों ने अपना नाम हरजेन्दर नगर निवासी इमरान व अमरान बताया। उन्होंने बताया कि लालबंगला में रहने वाले एक दोस्त की जन्मदिन पार्टी में उन्होंने यह फोटो खींची थी। पुलिस ने उनके पास से जिन्दा कारतूस भी बरामद किया है।वहीं जाजमऊ चौकी प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि शनिवार को एक युवक का तमंचे के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मुखबिर की सूचना पर उन्होंने ताड़बगियां के पास छापेमारी कर सुशील व रंजीत को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया।

छात्रा को अगवा कर मांगी एक लाख की फिरौती

कानपुर (एसएनबी)। मूल रूप से हरिद्वार मिलाप नगर निवासी ऊषा रानी ने थाने में तहरीर देते हुये बताया कि उनकी बेटी करिश्मा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। उन्होंने बताया कि करिश्मा श्यामनगर में रहने वाली मौसी के घर रह कर पढ़ाई कर रही है और इसके साथ ही वह रामादेवी स्थित शिव कुमार की दुकान में पिज्जा एम में नौकरी भी करती है। उन्होंने बताया कि विगत 12 अक्टूबर को करिश्मा शिवकुमार व दुकान में काम करने वाले धीरेन्द्र व वीरेन्द्र के बहकावें में आकर घर से डेढ़ लाख नगद व जेवरात लेकर चम्पत हो गयी। बेटी के वापस न आने पर उन्होंने दुकान मालिक से सम्पर्क किया तो उसने व उसके साथियों ने उनके साथ गाली गलौज की। तीनों ने उनकी छोटी बेटी को भी अगवा करने की धमकी दी और बेटी को वापस करने के लिये एक लाख की फिरौती मांगी। चकेरी थानाप्रभारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

दुर्गावाहिनी व बजरंग दल के सदस्यों को धारण कराये शस्त्र

कानपुर। विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में विजयादशमी के मौके पर दुर्गा वाहिनी व बजरंग दल के सदस्यों को शस्त्र धारण कराये गये। इस मौके पर लव जेहाद और गो हत्या के खिलाफ संघर्ष का ऐलान भी किया गया। हनुमान मन्दिर पार्क, गांधी पार्क और चन्द्रिका देवी पर विहिप के प्रान्तीय सह मंत्री दीनदयाल गौड़ ने बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी की सदस्यों को पूजन के बाद शस्त्र धारण कराये। यहां रमेश बाजपेयी, धनराज राजपूत, अनुराग दुबे, दीपू तिवारी, अमित जायसवाल, सतीश गुप्ता, विजय मधुपिया आदि थे।

पीएम आवासों की लाटरी के लिए केडीए ने किया रिहर्सल

कानपुर। सकरापुर, जाह्नवी, महावीर नगर विस्तार और राम गंगा एनक्लेव के बचे प्रधानमंत्री आवासों के लिए मंगलवार को कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) लाटरी खोलेगा। मंगलवार को होने वाली लाटरी की तैयारियों की रिहर्सल सोमवार की शाम को केडीए उपाध्यक्ष आरके सिंह ने किया। लाटरी 27 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक डाली जायेगी।

इलाज के दौरान मासूम की मौत, हंगामा

कानपुर। कल्याणपुर निवासी इंजीनियर संजय गुप्ता ने बताया कि पांच दिन पूर्व उनके एक माह के बेटे की तबियत खराब हो गयी। इस पर उन्होंने उसे सचान चौराहा स्थित एक नर्सिंगहोम में भर्ती कराया था। डाक्टरों ने उसकी हालत चिन्ताजनक बताते हुये उसे वेंटीलेटर में रखा दिया। रविवार को संजय ने बेटे को दिल्ली के एक हास्पिटल ले जाने की बात नर्सिंगहोम प्रशासन से की तो उन्होंने बताया कि आप के बेटे की मौत हो गयी है। इस पर परिजनों ने नर्सिंगहोम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये जमकर हंगामा किया।

बारावफात में जनपद में नहीं निकलेगा कोई जुलूस

कानपुर। बारावफात का जुलूस कोविड-19 की गाइडलाइन के तहत जनपद में कहीं नहीं निकलेगा। इस दौरान रोशनी भी उतनी जलायी जायेगी, जिससे शहरवासियों को दिक्कत न हो। यह निर्णय जिलाधिकारी की एक बैठक में हुआ, जिस पर धर्मगुरुओं ने भी सहमती जतायी है और प्रशासन का भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया है। यहां शहर काजी आलम रजा नूरी, शहर काजी हाजी कुद्दुस सहित अन्य मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

रीजेंसी, सेंट्रल व बस अड्डे को उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

कानपुर। आरोपी अरशद दिल्ली के एक होटल में राहुल सिंह के नाम से नौकरी करता है। आरोपी एक दिन किदवई नगर आया था। यहां पर उसने एक युवती को देखा, जिससे वह एक तरफा प्यार करने लगा। आरोपी ने युवती से एक दिन सम्पर्क किया। मगर युवती ने उसे मना कर दिया, जिसके बाद वह इतना पागल हो गया कि उसने शनिवार को रेलवे के टोल फ्री नम्बर पर सेन्ट्रल स्टेशन ,बस अड्डे के टोल फ्री नम्बर पर झगरकटी बस अड्डे को व लैंडलाइन नम्बर पर फोन करके मोतीझील स्थित रीजेंसी हास्पिटल और किदवई नगर स्थित शांति निकेतन स्वीट हाउस को बम से उड़ाने की धमकी दी। फोन आने पर पुलिस प्रशासन के होश उड़ गये। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने आरोपी अरशद को झकरकटी के पास स्थित एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम बेगमपुरवा निवासी अरशद बताया। उसने बताया कि एक माह पूर्व ही उसने राहुल सिंह के नाम से आईडी बनवाई थी। एसपी साउथ दीपक भूकर ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं है। पूछताछ में उसने बताया कि वह एक युवती से एक तरफा प्यार करता था। युवती के मना करने पर वह पागल हो गया और उसने यह कदम उठा लिया।

प्रधानाचार्य ने स्कूल प्रबंधक के बेटे के खिलाफ दर्ज करायी रिपोर्ट

चौबेपुर/कानपुर। गबड़ाहा गांव स्थित जय भारत जूनियर हाईस्कूल की प्रिंसिपल अंजना सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रबंधक बाल मुकुंद की उम्र अधिक होने के कारण वह चलनेफिरने में असमर्थ हैं। इसका फायदा उठाकर उनका बेटा विनोद अपने साथियों के साथ अक्सर शराब के नशे में धुत होकर स्कूल आ जाता है और पढ़ाई कार्य में बाधा डालता है। स्कूल की महिला शिक्षकों से छेड़खानी और अभद्रता करता है। विरोध करो तो वह मारपीट पर उतारू हो जाता है और सस्पेंड करने की धमकी देता है। प्रिंसिपल ने आरोप लगाया है कि प्रबंधक की उम्र का फायदा उठाकर उनका बेटा विनोद स्कूल कागजातों में अपने हस्ताक्षर करता है, जबकि वह इसके लिए अधिकृत नहीं है। पुलिस ने बताया कि प्रिंसिपल की तहरीर पर प्रबंधक के बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

घर में ही हर्बल स्प्रे बना कर सकते हैं डेंगू वाहक मच्छरों के लार्वा का नाश

कानपुर। एस.एल.इंस्टीट्यूट (रुहेलखंड यूनिवर्सिटी) के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सौरभ मिश्रा ने डेंगू मच्छरों पर विशेष अध्ययन कर डेंगू हर्बल एंटी मेटामोरफॉसिस स्प्रे तैयार किया है। इस स्प्रे को ठहरेगंदे पानी में छिड़काव करने से पानी में मच्छर के लार्वा डेवलप नहीं हो पाते हैं। इस स्प्रे को आसानी से घर पर भी बनाया जा सकता है। इसके लिए नीम ऑयल 2 एमएल को 2 एमएल पानी में मिला कर थोड़ा गुनगुना करने के बाद ठंडा कर स्प्रे तैयार किया जा सकता है।

यूपी मेट्रो ने 200 यू गर्डर की कास्टिंग का काम पूरा किया

कानपुर। कानपुर मेट्रो के निर्माण में लगी उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने रविवार को 200 यू गर्डर की ढलाई (कास्टिंग) का काम पूरा कर लिया है। मेट्रो के अधिकारियों का दावा है कि यू गर्डर की कास्टिंग का काम रिकार्ड समय में पूरा किया गया है। कानपुर मेट्रो के कास्टिंग यार्ड लखनपुर में 200 यू गर्डर तैयार होने से कानपुर मेट्रो का काम तेज गति पकड़ सकेगा। आईआईटी से मोतीझील के बीच बन रहे कानपुर मेट्रो के प्रथम चरण में 114 यू गर्डर रखे जा चुके है। यू गर्डर पर ही मेट्रो के पटरी और प्लेटफार्म का निर्माण होगा। यू गर्डर मेट्रो का आधार है। कास्टिंग यार्ड में प्रतिदिन 40-45 यू गर्डर का निर्माण किया जाता है। आईआईटी से मोतीझील के बीच 638 यू गर्डर रखे जायेंगे। इसी प्रकार नौ किलोमीटर के प्रस्तावित मार्ग के लिए 384 टी गर्डर रखे जाने है। जिसमें 183 टी गर्डर कास्टिंग यार्ड में तैयार हो चुके है। मेट्रो के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने कहा है कि कानपुर मेट्रो का कार्य समय पर काम पूरा किया जायेगा।

शहर आये पीएम मोदी के भाई

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाई व प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना प्रचार प्रसार के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रह्लाद मोदी सोमवार को शहर आये। यहां उन्होंने संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज प्रधान के आवास पर एक बैठक कर केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में शहरों और ग्रामीण इलाकों में जाकर आम लोगों से मिलें और उन्हें केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गयी जनहित की योजनाओं की जानकारी दें। अगर कोई पात्र व्यक्ति ऐसी किसी योजना का लाभ लेना चाहता है तो उसकी मदद भी करें। यहां संयोजक जय घोष, श्याम शुक्ला, अनुराग शर्मा, विमल सिंह, मनीष सविता, दीपक, अभय शर्मा थे।

केडीए और मेट्रो की साइटों पर

निर्माण सामग्री को ढकने और पानी छिड़काव की जांच की जाये : अक्षय

कानपुर। 'वायु प्रदूषण माइक्रो एक्शन प्लान' के क्रियान्वन की समीक्षा बैठक सोमवार को नगर आयुक्त की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केडीए और कानपुर मेट्रो की परियोजनाओं में निर्माण सामग्री को ढककर रखने के साथ-साथ पानी के छिड़काव के निर्देश दिये। शहर में स्मार्ट सिटी के लगे 50 प्रदूषण नियंत्रण का मानक बताने वाले डिजिटल बोर्डो की जांच कराने के लिए कहा गया, जिससे यह मालूम पड़ सके कि बोर्ड में प्रदूषण का आंकड़ा सहीं प्रदर्शित करता है या नहीं।

नगर निगम मुख्यालय में हुई बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि केडीए की विभिन्न परियोजनाओं की सूची प्राप्त करके उन कार्यों को छांटकर कम से कम 100 ऐसे वृहद निर्माणधीन परियोजनाओं को चिह्नित कर अलग सूची बनायी जाये और उक्त कार्यो का स्थलीय निरीक्षण केडीए, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं नगर निगम के जोनल अभियंता के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये की उक्त निर्माण कार्यो को पूर्ण रूप से ढकने के साथ-साथ निर्माण सामग्री को भी ढक कर रखा गया है कि नहीं और पानी का छिड़काव हो रहा है या नहीं। इसकी स्थिति से आगामी बैठक में अवगत कराया जाये।

नगर निगम में वायु प्रदूषण की समीक्षा बैठक करते नगर आयुक्त। फोटो : एसएनबी

स्मार्ट सिटी के प्रदूषण मापक यंत्रों के सही होने की जांच करायी जाये

बैठक में कानपुर स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत आने वाले एबीडी क्षेत्र के पांच वार्डो में पार्क एवं ओपन स्पेस चिह्नित करें, जहां स्मार्ट सिटी द्वारा पार्किंग परियोजना किय्रान्वित किया जा सकें एवं केडीए के द्वारा बनायी गयी पार्किंग स्थलों की सूची कार्यालय में उपलब्ध करायी जाये। नगर आयुक्त ने कहा कि केडीए के द्वारा विकसित उद्यानों की सूची उपलब्ध कराये। जिसमें यह जानकारी हो कि उक्त उद्यान में कम्पोस्टिंग की व्यवस्था है या नहीं, नहीं की स्थिति में उक्त उद्यान में कम्पोस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित हो। नगर आयुक्त ने कहा कि कानपुर स्मार्ट सिटी के चौराहों पर स्थापित डिस्पले बोर्ड्स पर एक्यूआई इण्डेक्स, जो की कानपुर स्मार्ट सिटी के द्वारा स्थापित 50 मानीटरिंग स्टेशन से प्रदर्शित होता है, यह आंकड़े प्रदूषण बोर्ड को भेजकर एक्यूआई इण्डेक्स जो मानीटरिंग स्टेशन से प्रदर्शित हो रहा है, का मिलान कराया जाये। बैठक विभिन्न विभागों के अधिकारी थे।